State Council of Educational
Research & Training, Chhattisgarh
Shankar Nagar, Raipur

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़,
शंकर नगर, रायपुर

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in

क्र./विज्ञान/विज्ञान सेमीनार/2015/एस.सी.ई.आर.टी./ 3125 रायपुर, दिनांक 25-05-15

प्रति,

1. प्राचार्य,
   शासकीय शिक्षा महाविद्यालय/डाइट/बी.टी.आई
   ....
2. जिला शिक्षा अधिकारी,
   ....
3. जोन प्रभारी प्राचार्य,
   ....
4. विकासखंड शिक्षा अधिकारी,
   ....

विषय—राष्ट्रीय विज्ञान सेमीनार 2015 ।

—————000—————

विद्यार्थियों में वैज्ञानिक खोज एवं विश्लेषणात्मक प्रवृत्ति जागृत करने, उभरते वैज्ञानिकों को विचारों के आदान—प्रदान हेतु मंच उपलब्ध कराने एवं देश भर के विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता की भावना विकसित करने हेतु प्रति वर्ष विद्यालयीन छात्रों के लिए राष्ट्रीय विज्ञान सेमीनार का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष विज्ञान सेमीनार का विषय निम्नानुसार है—

"HARNESSING LIGHT : POSSIBILITIES & CHALLENGES"

"प्रकाश उपयोग : सम्भावनाएँ एवं चुनौतियाँ"

प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी कक्षा 8 वीं से 10 वीं तक के छात्र—छात्रायें इस सेमीनार में भाग ले सकते हैं।

प्रतियोगिता के नियम —

1. अंग्रेजी, हिन्दी अथवा कोई भी मान्यता प्राप्त भारतीय भाषा में प्रस्तुती।
2. प्रस्तुती की अवधि — प्रतिभागी दिये गये विषय पर अधिकतम 6 मिनट के लिए बोल सकता है।
3. प्रस्तुती के बाद पूछे जाने वाले प्रश्न — विषय पर निर्णायकों द्वारा 3 प्रश्न पूछे जायेंगे जिसमें से किन्हीं 2 प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 2 मिनट के अंदर देना होगा।
4. सहायक चित्र आदि — पोस्टर, चार्ट, स्लाइड (25m.m.) प्रक्षेपित चित्र अथवा कम्प्यूटर पर बनें स्थिर स्लाइड की कुल संख्या अधिकतम 5 हो सकती है। थ्री डी मॉडल, चलचित्रों, पॉप—अप्स, रोल ओवर, विडियो तथा फिल्मों की किसी भी रूप में अनुमति नहीं है।
5. अंक निर्धारण —
   - प्रस्तुती में वैज्ञानिक तथ्य — 40 अंक
   - वाक् भाषा प्रवाह में — 25 अंक

क्रमशः ......

- प्रश्नों के उत्तर देने में क्षमता
  (क) लिखित परीक्षा – 10 अंक
  (ख) मौखिक परीक्षा – 10 अंक
- दृश्यों की प्रस्तुती में नवीनता – 15 अंक

राज्य में होने वाली सेमीनार प्रतियोगिता की तिथियाँ निम्नानुसार हैं –

क्र.	प्रतियोगिता स्तर	प्रतियोगिता की सम्भावित तिथियाँ एवं दिन
1	विकास खण्ड स्तर	06 जुलाई 2015, सोमवार
2	जिला स्तर	13 जुलाई 2015, सोमवार
3	जोन स्तर	20 जुलाई 2015, सोमवार
4	राज्य स्तर	01 अगस्त 2015, शनिवार
5	राष्ट्रीय स्तर	08 अक्टूबर 2015, गुरूवार

कृपया उल्लेखित प्रतियोगिता की तिथियों की जानकारी से शालाओं को अवगत करायें एवं शाला स्तर, विकास खण्ड स्तर और जिला स्तर की प्रतियोगिताएँ सम्पन्न कराते हुए परिणाम एवं प्रत्येक स्तर के खर्च का लेखा–जोखा एकत्र कर परिषद् को भेजें।

(संजय कुमार ओझा)
संचालक

पृ.क्र./विज्ञान/विज्ञान सेमीनार/2015/एस.सी.ई.आर.टी./3126 रायपुर, दिनांक 25-05-15

प्रतिलिपि –

1. निज सहायक, स्कूल शिक्षा मंत्री, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, महानदी भवन, नया रायपुर।
2. सचिव, स्कूल शिक्षा मंत्री, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, महानदी भवन, नया रायपुर।
3. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय छ.ग., रायपुर।
4. कार्यकारी निदेशक, छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् (C-Cost), एम.आई.जी. 25 इंद्रावती कालोनी रायपुर।

संचालक